दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विज़िट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, रविवार 03 मार्च 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-153

## महत्वपूर्ण एवं खास

### नवाज जमानत के लिए सर्वोच्च न्यायालय पहुंचे

इस्लामाबाद (आरएनएस)। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने भ्रष्टाचार मामले में इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) द्वारा जमानत खारिज किए जाने के फैसले के खिलाफ शुक्रवार को सर्वोच्च न्यायालय में अर्जी दायर की। नवाज को भ्रष्टाचार रोधी अदालत ने अल-अजीजिया स्टील मिल्स मामले में विदेश में एक स्टील फैक्ट्री के स्वामित्व को लेकर 24 दिसंबर को सात साल कैद की सजा सुनाई थी। इस फैक्ट्री के स्वामित्व का नवाज ने खुलासा नहीं किया था। आईएचसी ने 25 फरवरी को पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) के नेता की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। शरीफ के वकील ख्वाजा हारिस ने शुक्रवार को एक याचिका दाखिल की और आईएचसी के फैसले को अमान्य करने की मांग की। भ्रष्टाचार रोधी अदालत के न्यायाधीश ने बीते साल शरीफ पर भारी जुर्माना लगाया था। अदालत ने कहा कि अल-अजीजिया स्टील मिल्स तीन बार प्रधानमंत्री रहे नवाज शरीफ से संबंधित है और वह बताने में असमर्थ रहे कि किस तरह से परियोजना को फंड दिया गया।

### ईरान में बस दुर्घटना में आठ लोगों की मौत

तेहरान (आरएनएस)। ईरान के कोम-तेहरान राजमार्ग पर शुक्रवार को एक बस पलट जाने से आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि 36 अन्य घायल हो गए। सूत्रों ने यह जानकारी दी। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना का शिकार हुई वोल्वो बस में 44 यात्री सवार थे। वे लोग सुबह दक्षिणपूर्वी केरमन प्रांत से तेहरान की ओर जा रहे थे। बस चालक को अचानक झपकी आने से यह दुर्घटना हुई। मृतकों में चालक भी शामिल है।

### चीन ने भारतीय पायलट को छोड़ने के फैसले का स्वागत किया

पेइचिंग (आरएनएस)। भारतीय वायु सेना के पायलट विंग कमांडर अभिनंदन को रिहा करने के पाक के फैसले का चीन ने स्वागत करते हुए दोनों देशों से आतंकवाद निरोधक सहयोग तथा क्षेत्रीय शांति एवं स्थिरता के लिए संवाद को और बढ़ाने की अपेक्षा जताई। भारतीय वायु सेना को भारत के साथ बातचीत शुरू करने के पहले कदम के तौर पर पाकिस्तान आज छोड़ रहा है।

### अजय नारायण झा वित्त आयोग के सदस्य बने

नईदिल्ली (आरएनएस)। अजय नारायण झा 15वें वित्त आयोग के सदस्य बने हैं। झा ने वित्त आयोग में शक्ति कांत दास की जगह ली है। दास ने भारतीय रिजर्व बैंक का गवर्नर नियुक्त होने पर वित्त आयोग की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था।

वित्त आयोग में शामिल होने से पहले 1982 बैच के मणिपुर कैडर के आईएएस अजय नारायण झा भारत सरकार के वित्त सचिव थे। इससे पहले झा आरबीआई के पूर्व गवर्नर की अध्यक्षता में 14वें वित्त आयोग के सचिव थे।

### सुहाग की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

नई दिल्ली (आरएनएस)। शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय ने दलबीर सिंह सुहाग की पूर्वी कमान के प्रमुख के तौर पर 2012 में हुई नियुक्ति को चुनौती देने वाली एक याचिका खारिज कर दी।

### हिमाचल के चंबा में भूकंप के झटके

**डर के कारण घरों से बाहर निकले लोग**

शिमला (आरएनएस)। हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के कुछ हिस्सों में आज भूकंप के हल्के झटके महसूस किये गये। स्थानीय मौसम विभाग कार्यालय के प्रभारी मनमोहन सिंह ने बताया कि भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.3 थी व इसका केंद्र अक्षांश 3.27 उत्तर व उच्चांश 7.65 पूर्व था। भूकंप का केंद्र हालांकि चंबा रहा लेकिन कांगड़ा के कुछ इलाकों में भी झटके महसूस किए गए।

## मलबे से निकलकर आतंकी चलाने लगा गोलियां, 5 जवान शहीद, एक नागरिक की मौत



श्रीनगर (आरएनएस)। जम्मू एवं कश्मीर के सीमावर्ती जिले कुपवाड़ा में शुक्रवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 5 सुरक्षाकर्मी शहीद हो गए और पांच अन्य घायल हो गए। एक स्थानीय नागरिक की मौत की खबर है। रक्षा विभाग के सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि मुठभेड़ में लैंगेट क्षेत्र के क्रालगुंद गांव में दो आतंकवादी मारे गए, जिनके शव बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस ने कहा, मुठभेड़ बंद होने के बाद खोजी अभियान के दौरान मृत माने गए दो आतंकवादियों में से एक उठ गया और सुरक्षाकर्मियों पर अंधाधुंध गोलीबारी करने लगा, जिसमें तीन सुरक्षाकर्मियों और दो स्थानीय पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। अभियान अभी जारी है।

एक पुलिस सूत्र ने कहा, मुठभेड़ में पांच सैनिक घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुठभेड़ स्थल के निकट सुरक्षाकर्मियों और स्थानीय प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प के दौरान चार प्रदर्शनकारी घायल हो गए। सूत्रों ने कहा कि घायल प्रदर्शनकारियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कहा जा रहा है कि गोली लगने से एक प्रदर्शनकारी की मौत हो गई है।

ने कहा कि आतंकवादियों के शवों को अभी बरामद नहीं किया गया है। यह मुठभेड़ कुपवाड़ा जिला की हंदवाड़ा तहसील में लैंगेट क्षेत्र के क्रालगुंद गांव में हुई। गुरुवार रात आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी मिलने के बाद शुक्रवार तड़के तलाशी अभियान शुरू किया गया था।

## पाकिस्तान से वतन पहुंचे विंग कमांडर अभिनंदन, अटारी सीमा पर शानदार स्वागत

**देश में जश्न का माहौल**



नई दिल्ली (आरएनएस)। भारी दबाव और घंटों इंतजार के बाद पाकिस्तान ने आखिरकार शुक्रवार रात करीब 9.20 बजे भारतीय जांबाज पायलट अभिनंदन वर्तमान को भारत को सौंप दिया। अटारी बॉर्डर पर भारतीय वायुसेना के वरिष्ठ अधिकारियों और बीएसएफ ने पायलट को रिसीव किया। हालांकि आखिरी समय में भी पाकिस्तान अपनी हरकत से बाज नहीं आया। भारत के बीटिंग रीट्रीट समारोह कैंसल करने के बाद भी उसने दुनिया को दिखाने के लिए यह प्रोग्राम किया और इसके खत्म होने के बाद भी कागजी कार्रवाई के नाम पर घंटों की देरी की। आपको बता दें कि पहले दोपहर 2 बजे का टाइम तय किया गया था लेकिन पाकिस्तान ने समय दो बार बदला और प्रक्रिया को लंबा खींचता गया। सूत्रों ने बताया है कि रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण की मामले पर बराबर नजर रही।

हालांकि सुबह से ही बॉर्डर पर जमे भारतीयों का जोश काफी हाई था। यहां मौजूद लोग ढोल-नगाड़े बजाते हुए अभिनंदन है, अभिनंदन है के नारे लगाते रहे। अपने बहादुर जवान को देखने और उनका स्वागत करने के लिए बॉर्डर पर बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। हालांकि शुक्रवार शाम 4.30 के बाद से रात तक घटनाक्रम को लेकर काफी उहापोह की स्थिति बनी रही।

बताया जा रहा है कि देर शाम बॉर्डर पर अभिनंदन के पहुंचने के बाद कागजी कार्रवाई पूरी की गई। प्रोटोकॉल के तहत अभिनंदन का मेडिकल चेकअप किया गया। अब अटारी बॉर्डर से अभिनंदन को सीधे अमृतसर एयरपोर्ट की तरफ ले जाया जा रहा है, जहां से वह वायुसेना के विशेष विमान से दिल्ली पहुंचेंगे।

आपको बता दें कि एक दिन पहले भारत के संभावित ऐक्शन से घबराए पाकिस्तान के पीएम इमरान खान ने संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए अभिनंदन को छोड़ने की घोषणा की थी।

दुश्मन के कब्जे में होने के बाद भी अभिनंदन ने पूरे साहस और दृढ़ता के साथ पाक अफसरों की आंखों में आंखें डालकर सवालों का जवाब उतना ही दिया, जितना जेनेवा कन्वेंशन के तहत ऐसे समय में दिया जाना चाहिए। सोशल मीडिया पर सामने आए विडियो में साफ देखा गया कि पूछताछ के दौरान वह बड़ी बहादुरी से पाक अफसरों का जवाब देते रहे पर सिर को झुकने नहीं दिया और कोई महत्वपूर्ण जानकारी नहीं दी।

आपको बता दें कि पाकिस्तान ने बीटिंग रीट्रीट के दौरान अभिनंदन को भारत को सौंपने का दांव चला था, जिसे नाकाम कर दिया था।

## दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश वाल्मीकि जे मेहता का निधन



नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश वाल्मीकि जे. मेहता का शुक्रवार तड़के हृदयाघात से निधन हो गया। न्यायमूर्ति मेहता 59 वर्ष के थे। उन्होंने उच्च न्यायालय में 15 अप्रैल 2009 को अतिरिक्त न्यायाधीश के रुप में कार्यभार संभाला था।

## मोदी ही अगले प्रधानमंत्री होंगे : गडकरी



नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय सड़क परिवहन, राजमार्ग और जल संसाधन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि वह प्रधानमंत्री बनने की दौड़ में शामिल नहीं हैं और देश के अगले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही होंगे। गडकरी ने शुक्रवार को एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री बनाने का सपना देखा ही नहीं है। उनका कहना था कि हमारे पास एक सक्षम प्रधानमंत्री हैं और मोदी ही देश के अगले प्रधानमंत्री होंगे।

उन्होंने कहा कि देश मोदी के सफल नेतृत्व में विकास की राह पर है। उनके प्रभावशाली नेतृत्व में देश प्रगति कर रहा है। वह सक्षम प्रधानमंत्री हैं और उनके सपने तथा विचारों के अनुरूप वह एक मंत्री के रूप में वह खुद विकास कार्यों को आगे बढाने के लिए निरंतर काम कर रहे हैं। गडकरी ने कहा कि उनकी समझ में नहीं आ रहा है कि उनके प्रधानमंत्री बनने का सवाल कहां से आया है।

## एयर स्ट्राइक के कारण और नतीजे सामने रखे जाएं

**संसदीय पैनल ने विदेश सचिव से कहा**

नईदिल्ली (आरएनएस)। भारत की एयर स्ट्राइक के बाद विंग कमांडर अभिनंदन की देश वापसी की खबरों के बीच विदेश सचिव विजय गोखले ने संसदीय पैनल को शुक्रवार को भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे हालात के बारे में जानकारी दी. करीब एक घंटे चली इस ब्रीफिंग के दौरान गोखले ने 14 फरवरी को सीआरपीएफ के जवानों पर हुए आतंकी हमले से लेकर पाकिस्तान के बालाकोट में स्थित जैश ए मोहम्मद के ठिकानों पर भारतीय वायु सेना की एयर स्ट्राइक के बारे में बातचीत की.

भारत की एयर स्ट्राइक में कितने आतंकवादी मारे गए संसदीय पैनल के इस सवाल पर गोखले ने कहा कि इस संबंध में जानकारी विदेश मंत्रालय ही देगा. भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव का दौर खत्म करने की कोशिशों को लेकर भी गोखले ने कोई बातचीत नहीं की. खबरों के मुताबिक गोखले के इस जवाब के बाद पैनल ने मांग की कि भारत को एयर स्ट्राइक के कारणों और नतीजों के बारे में आंकड़े और ज़रूरी जानकारियां देश और दुनिया के सामने रखना चाहिए.

गोखले ने अपनी ब्रीफिंग के दौरान इस बात को ज़ोर देते हुए कहा कि वायु सेना के विंग कमांडर अभिनंदन को पाकिस्तानी सेना ने बंधक बना लिया लेकिन भारत ने अपना रुख साफ करते हुए यह रवैया कायम रखा कि अभिनंदन की रिहाई के एवज़ किसी किस्म की सौदेबाज़ी नहीं की जाएगी क्योंकि भारत का कहना था कि इससे पहले आतंकवाद का बड़ा मुद्दा सामने खड़ा है जिस पर बात की जाना ज़रूरी है.

## जम्मू-कश्मीर में अब केंद्र दे सकेगा दखल

**1954 के संवैधानिक आदेश और 2004 के अधिनियम में संशोधन**




नई दिल्ली (आरएनएस)। जम्मू एवं कश्मीर पर केंद्र सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आरक्षण संशोधन अध्यादेश 2019 को स्वीकृति प्रदान कर दी।

प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस बैठक में संशोधन अध्यादेश को राष्ट्रपति द्वारा जारी करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी। इसके लिए 1954 के संवैधानिक आदेश के साथ 2004 के अधिनियम में भी संशोधन करने की बात कही गई है। सरकार ने कहा है कि एक बार अध्यादेश जारी होने के बाद, यह वास्तविक सीमा रेखा से सटे क्षेत्रों में रहने वाले व्यक्तियों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे क्षेत्रों में रहने वाले व्यक्तियों को बराबर में लाने के लिए मार्ग प्रशस्त करेगा। जम्मू और कश्मीर में भी आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए 10ः आरक्षण वाला प्रावधान लागू कर दिया गया। इससे जम्मू-कश्मीर के ऐसे युवाओं को राज्य सरकार की नौकरियाँ पाने का मौका मिलेगा, जो किसी भी धर्म या जाति से संबंधित आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों से हैं। ज्ञात हो कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए 10ः आरक्षण जनवरी 2019 में 103वें संविधान संशोधन के माध्यम से देश के बाकी हिस्सों में लागू किया गया था। यह सरकार में पहले से ही मौजूद आरक्षण के अतिरिक्त होगा। अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों को प्रमोशन देने के लाभ भी जम्मू-कश्मीर राज्य के लिए लागू किया गया है। 24 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद, 1995 का 77वां संविधान संशोधन अब जम्मू-कश्मीर राज्य के लिए लागू कर दिया गया है।

## डायन बताकर 2 वृद्ध महिलाओं की पीट-पीटकर हत्या, लाशें दबा दीं




मुंगेर (आरएनएस)। बिहार के मुंगेर जिले के लड़ैयाटांड़ थाना क्षेत्र में अंधविश्वासी लोगों ने दो बुजुर्ग महिलाओं की पीट-पीटकर हत्या कर दी और दोनों के शवों को दफना दिया। पुलिस ने शुक्रवार को मिट्टी खोदकर दोनों शव बरामद कर लिए। इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के अनुसार, गोपालीचक गांव की रहने वाले मुंशी मांझी की मां 70 वर्षीय कपूरवा देवी और गोपी मांझी की मां 65 वर्षीय प्रमिला देवी की गांव के ही कुछ लोगों ने 24 फरवरी की रात पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। मृतकाओं के परिजनों का आरोप है कि गांव के ही साधो मांझी का बेटा मनीष कुछ दिनों से बीमार था। उसका इलाज कराया गया, लेकिन 24 फरवरी को उसकी मौत हो गई। परिजनों ने मनीष की मौत का कारण जादू-टोना बताकर इन दोनों महिलाओं पर डायन होने का आरोप लगाया। आरोप है कि मनीष के परिजनों ने उसी रात कपूरवा देवी और प्रमिला देवी को घर से जबरन निकालकर उनकी बर्बरतापूर्ण तरीके से पिटाई की, जिससे दोनों की मौत हो गई। लड़ैयाटांड के थाना प्रभारी मिंटू कुमार सिंह ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार को मुंशी मांझी और सोनू मांझी के लिखित बयान पर दोहरी हत्या की प्राथमिकी लडैयाटांड थाना में दर्ज कर ली गई है, जिसमें गांव के ही नौ लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने दफनाए गए दोनों शवों को गांव के ही समीप पथरी पहाड़ी के तराई क्षेत्र से बरामद कर लिया गया है तथा पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार लोगों से पुलिस पूछताछ कर रही है।

## मुंबई हमले में कुछ नहीं हुआ, हमने उरी और पुलवामा का बदला लिया: पीएम मोदी



कन्याकुमारी (आरएनएस)। पीएम मोदी ने शुक्रवार को तमिलनाडु के कन्याकुमारी में रैली के दौरान विपक्ष पर जोरदार हमला बोला. पुलवामा हमले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों में आतंकी हमले पर सख्त एक्शन नहीं होते थे. लेकिन हमारी सरकार ने सेना को आतंकियों से बदला लेने की खुली छूट दी है.

उन्होंने कहा कि 26/11 मुंबई हमला भारत में हुआ लेकिन कुछ नहीं किया गया. लेकिन उरी और पुलवामा हमले का हमने बदला लिया. उन्होंने कहा, मैं सलाम करता हूं उन सैनिकों को जो हमारे देश की सेवा कर रहे हैं. एक समय था जब अखबारों में खबरें निकलती थीं कि फोर्स बदला चाहती है लेकिन उन्हें यूपीए सरकार अनुमति नहीं दे रही. आज खबरें होती हैं कि सेना को खुली छूट दे दी गई है, जो चाहे वह करें. हर हाल में आंतकवादियों से बदला लें.

पीएम मोदी ने कन्याकुमारी में कहा, पिछले कुछ दिनों में जो घटनाएं घटी हैं उसने हमारी सेना की ताकत और उसकी क्षमता को दिखा दिया है. ये एक नया इंडिया है.

### विपक्ष पर साधा जोरदार निशाना

पीएम मोदी ने कहा कि कुछ लोग ऐसे हैं, जिनके बयानों से भारत का नुकसान हो रहा है. उन लोगों के बयान पाकिस्तान को फायदा पहुंचा रहे हैं.

## पंजाब नेशनल बैंक के रिकार्ड रूम में शार्ट शर्किट से लगी आग



रायपुर। मोतीबाग चौक के लालगंगा सिटी मार्ट कॉम्पलेक्स स्थित पंजाब नेशनल बैंक में बीती रात शार्ट शर्किट के चलते अचानक आग लग गई। आगजनी की सूचना पर मौके में पहुंची दमकल विभाग की दो वाहन ने भारी मशक्कत के बाद आज सुबह आग बुझाने में कामयाब हो गए।बता दे कि बीती रात करीब 2 बजे अचानक शार्ट शर्किट के चलते पंजाब नेशनल बैंक के रिकार्ड रूम में आग लगी। जब आग फैलने लगी और बैंक में धुंआ भरने लगा तो आसपास के लोगों ने इसकी जानकारी बैंक मैनेजर व दमकल विभाग को दी। मौके में पहुंची दमकल विभाग के टीम ने बैंक के कांच को फोड़कर धुंआ बाहर निकाले और अंदर आग को बुझाए। इस आगजनी से रिकार्ड में रूम रखे सारे दस्तावेज जलकर खाक हो गए। इस आगजनी से कितना का नुकसान हुआ है इसका आकलन नहीं लगा पाए है।

## गैस एजेन्सी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी




रायपुर (आरएनएस)। गैस एजेंसी के लिए आन लाईन आवेदन करने वाले व्यक्ति को झांसा में लेकर गैस एजेन्सी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी किये जाने की रिपोर्ट राजेन्द्रनगर थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार महात्मागांधी नगर अमलीडीह निवासी धनीराम निषाद 32 वर्ष पिता भरतलाल निषाद ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि वह नलघर चौक के पास विराशद हास्पिटल के पास मेडिकल स्टोर्स में काम करता है उसने अलग-अलग गैस एजेन्सी में आवेदन फार्म भरा था। 30 जनवरी 19 को महात्मागांधी नगर अमलीडीह में मो.फोन क्रमांक 97817-78124, 95721-02608 का धारक नितिन कुमार नामक व्यक्ति ने मोबाईल फोन के माध्यम से अदानी गैस कार्पोरेशन कंपनी में तुम्हारा फार्म सलेक्ट हो गया कहकर झांसा में लिया व तुम्हे गैस एजेन्सी के लिये सुरक्षा शुल्क व रजिट्रेशन कराने के बात कहकर अलग-अलग खाता नंबर व आईएफसी कोड वाट्सप के माध्यम से भेजा। ऐसा करके आरोपी ने अलग -अलग किस्तों में 17 लाख 89 हजार 465 रू अपने बताए बैंक खातो मे जमा कराकर धोखाधडी किया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने मोबाईल नंबर के माध्यम से आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत ठगी का मामला दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।